प्रेस विज्ञप्ति

24 अगस्त 2021

जलविद्युत परियोजनाओं के विकास के लिए ऋण देने हेतु पीएफसी ने एनएचपीसी के बीच समझौता ज्ञापन

- ***साथ ही, एनएचपीसी द्वारा दबावग्रस्त परियोजनाओं के अधिग्रहण के लिए ऋण प्रदान कराना***

नई दिल्ली, 24 अगस्त 2021: पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) ने एनएचपीसी लिमिटेड के साथ एनएचपीसी द्वारा जलविद्युत परियोजनाओं के विकास के लिए ऋण देने हेतु समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। पीएफसी दबावग्रस्त परियोजनाओं के अधिग्रहण के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान करेगा।

एनएचपीसी, एक अनुसूची-ए मिनीरत्न श्रेणी- I सीपीएसई, भारत में जलविद्युत के विकास के लिए कार्य कर रही है और इसने सौर और पवन ऊर्जा में भी विविध कार्य किया है। एनएचपीसी जलविद्युत और नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए परामर्श सेवाएं भी प्रदान करती है।

24 अगस्त 2021 को श्री सुबीर साहा, कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएं- एसआर, ईआर एंड एनईआर, सीएसपी एंड सी) ने पीएफसी की ओर से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जबकि श्री वी. के. मैनी, ईडी (रणनीति, बीडी और परामर्श) ने एनएचपीसी लिमिटेड की ओर से हस्ताक्षर किए।

श्री पी.के. सिंह, निदेशक (वाणिज्यिक) और अतिरिक्त प्रभार (परियोजना), पीएफ़सी, श्री. आर. आर. झा, (ईडी-प्रभारी परियोजना), श्री. मनोज शर्मा, ईडी (एल एंड डी), श्री प्रवीण वर्मा, एसजीएम (एल एंड डी) और श्री. नितिन कुमार, महाप्रबंधक (केंद्रीय क्षेत्र यूनिट), पीएफ़सी की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर पीएफसी और एनएचपीसी के बीच लंबे समय से चले आ रहे जुड़ाव को और मजबूत करेगा और दोनों संगठनों के बीच एक परिवर्तनकारी अवसर की शुरुआत करेगा। यह समझौता ज्ञापन ज्ञान और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की सुविधा के लिए भी काम करेगा, देश में सतत विकास पहल में योगदान देगा।

हस्ता/-

(एस.एस.राव)

मुख्य महाप्रबंधक (पीआर)